**फा.सं. ए-12026/3/2026-सी ए सेल डीओआर-डीओआर**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**राजस्व विभाग**
**सक्षम प्राधिकारी सेल**
*******

**वर्क हॉल नं. 14108, कर्तव्य भवन-1,**
**चौथा तल, सी विंग, नई दिल्ली**
**दिनांक 01अप्रैल, 2026**

## रिक्ति-परिपत्र

केंद्र सरकार के अधीन कार्यरत अधिकारियों से, तस्कर और विदेशी मुद्रा छलसाधक (संपत्ति संपहरण) अधिनियम, 1976, नई दिल्ली के अंतर्गत अपीलीय न्यायाधिकरण में रजिस्ट्रार के एक पद को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने के लिए अनुबंध-क में दिए गए प्रपत्र में उनके विभागीय उचित माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**पद का नाम** : **रजिस्ट्रार (समूह 'क' राजपत्रित)**
**वेतनमान: ₹ 15,600 – 39,100 + ग्रेड वेतन ₹ 6,600 (संशोधन पूर्व)-वेतन लेवल-11(7वें सी.पी.सी. के अनुसार)**

**पात्रता मानदंड:**
केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाले ऐसे अधिकारी जो :-
(क) (i) समनुरूप पद धारण किए हुए हों; या

(ii) मूल संवर्ग या विभाग में ₹8000-275-13500 (संशोधन पूर्व) के वेतन मान **[7वें सी.पी.सी. के अनुसार लेवल -10]** या समकक्ष में पांच वर्ष की सेवा कर चुके हैं; या

(iii) मूल संवर्ग या विभाग में ₹6500-200-10500 (संशोधन पूर्व) के वेतन मान **[7वें सी.पी.सी. के अनुसार लेवल -7]** या समकक्ष में आठ वर्ष की नियमित सेवा कर चुके हैं; और

(ख) प्रशासन, स्थापना और लेखा मामलों में अनुभव रखते हों और वरीयतः किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कानून में डिग्री, या समकक्ष धारक हों।

2. केंद्र सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य बाह्य-कैडर पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित इस प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

3. निर्धारित प्रपत्र में आवेदन और साथ में, पिछले पांच वर्षों के एसीआर/एपीएआर डोजियर की अद्यतन सत्यापित प्रतियां, कैडर मंज़ूरी, सतर्कता मंज़ूरी, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र और पिछले 10 वर्षों की छोटी/बड़ी शास्ति यदि कोई हो, का विवरण, रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर अवर सचिव (प्रशा.1सी), वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, **वर्क हॉल नं.-14108, सी-विंग, कर्तव्य भवन-I, नई दिल्ली-110001** के पास पहुंच जाने चाहिए।

4. केवल उन अधिकारियों के आवेदन भेजे जा सकते हैं जो योग्य और इच्छुक हैं और जिनकी सेवाएं उनके चयन पर तत्काल छोड़ी जा सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन और/या किसी भी तरह से अपूर्ण आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित अधिकारियों को अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। आवेदन की अग्रिम प्रति पर विचार नहीं किया जाएगा। पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपना आवेदन वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

01.4.26

**(अवनीश प्रताप सिंह)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष-011-2401-2544**

सेवा में :

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय और विभाग।
2. वेबमास्टर, सी.बी.आई.सी., सिस्टम निदेशालय, नई दिल्ली, सी.बी.आई.सी. के आधिकारिक वेबसाइट पर इस परिपत्र को डालने के लिए ।
3. वेबमैनेजर, सी.बी.डी.टी., कमरा नंबर 7008, आयकर भवन, वैशाली, गाजियाबाद, यू.पी., सी.बी.डी.टी. की आधिकारिक वेबसाइट पर इस परिपत्र को डालने के लिए।
4. कंप्यूटर अनुभाग, डी.ओ.आर., राजस्व विभाग की वेबसाइट पर इस परिपत्र को डालने के लिए।

<u>**अनुबंध-क**</u>

## बायो-डेटा/कैरिकुलम विटे प्रोफार्मा

| | |
|---|---|
| **1.** नाम और पता (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| **2.** जन्म तिथि (ईशवी सन् में) | |
| **3.** (i) सरकारी सेवा में प्रवेश की तिथि | |
| (ii) केंद्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि: | |
| **4.** शैक्षणिक योग्यता | |
| **5.** क्या पद के लिए आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूरी होती हैं? **(यदि कोई योग्यता निर्धारित नियम में विनिर्दिष्ट योग्यता के समतुल्य मानी गई है, तो इसके प्राधिकार बताएं)** | |
| **विज्ञापन/रिक्ति - परिपत्र में उल्लिखित अपेक्षित योग्यता/अनुभव** | **अधिकारी द्वारा धारित योग्यताएं/अनुभव** |
| **अनिवार्य:** | **अनिवार्य:** |
| क) योग्यता | क) योग्यता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| **वांछनीय :** | **वांछनीय:** |
| क) योग्यता | क) योग्यता |
| ख) अनुभव | ख) अनुभव |
| **5.1. नोटः** डिग्री और स्नातकोत्तर योग्यता के मामले में वैकल्पिक/मुख्य विषयों और सहायक विषयों को **उम्मीदवार द्वारा** इंगित किया जाए। | |
| **6.** कृपया स्पष्ट रूप से बताएं कि क्या अपने द्वारा ऊपर की गई प्रविष्टियों के आलोक में आप पद के लिए आवश्यक अनिवार्य योग्यताओं और कार्य अनुभव को पूरा करते हैं। | |

**7.** रोजगार का विवरण, कालानुक्रमिक रूप में। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है तो अपने हस्ताक्षर द्वारा प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें।

| **कार्यालय/संस्था** | **नियमित रूप से धारित पद** | **दिनांक से** | **दिनांक तक** | *** नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड और ग्रेड पे/वेतनमान** | **कार्य की प्रकृति (विस्तार से) जिसमें आवेदन किए गए पद के लिए आवश्यक अनुभव पर प्रकाश डाला गया है।** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

* महत्वपूर्ण: एसीपी/एमएसीपी के तहत दिया गया वेतन बैंड और ग्रेड पे अधिकारी के लिए व्यक्तिगत है और इसलिए इसका उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। केवल नियमित आधार पर धारित पद के वेतन बैंड और ग्रेड पे/वेतन स्केल का उल्लेख किया जाना चाहिए। एसीपी/एमएसीपी का विवरण वर्तमान वेतन बैंड और ग्रेड पे के साथ जहां उम्मीदवार द्वारा ऐसे लाभ प्राप्त किए गए हैं, नीचे दिए गए अनुसार इंगित किया जा सकता है;

| **कार्यालय/संस्था** | **ए.सी.पी./एम.ए.सी.पी. योजना के तहत आहरित वेतन-श्रेणी और ग्रेड वेतन** | **दिनांक से** | **दिनांक तक** |
|---|---|---|---|
| | | | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **8.** वर्तमान रोजगार की प्रकृति, यथा-तदर्थ या अस्थायी या अर्ध-स्थायी या स्थायी | | | |
| **9.** यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है तो कृपया स्पष्ट करें- | | | |
| **क) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि** | **ख)प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि** | **ग)मूल कार्यालय/संगठन नाम और पता जिससे आप संबंधित हैं** | **घ) मूल संगठन में वास्तविक क्षमता में पद का नाम और वेतन** |
| | | | |

**9.1 नोटः** पहले से ही प्रतिनियुक्ति पर मौजूद अधिकारियों के मामले में, ऐसे अधिकारियों के आवेदन मूल संवर्ग/विभाग द्वारा संवर्ग मंजूरी, सतर्कता मंजूरी और सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र के साथ भेजे जाने चाहिए।

**9.2 नोटः** ऊपर कॉलम 9 (ग) और (घ) के तहत जानकारी उन सभी मामलों में दी जानी चाहिए जहां कोई व्यक्ति संवर्ग/संगठन के बाहर प्रतिनियुक्ति पर पद धारण कर रहा है, लेकिन फिर भी अपने मूल संवर्ग/संगठन में अधिकार बनाए हुए है।

<table>
<tr><td colspan="2">10. यदि आवेदक द्वारा पूर्व में प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारित किया गया है, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से लौटने की तिथि और अन्य विवरण।</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">11. कृपया बताएं कि क्या आप उसी विभाग में हैं या फीडर ग्रेड में या फीडर से फीडर ग्रेड में काम कर रहे हैं:</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">12. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं? यदि हाँ, तो वह तारिख बताएं जब से संशोधन हुआ और पूर्व-संशोधित वेतनमान को भी इंगित करें:</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="3">13. इस समय प्रति माह आहरित की जाने वाली कुल परिलब्धियाँ</td></tr>
<tr><td>वेतन बैंड में मूल वेतन</td><td>ग्रेड वेतन</td><td>कुल परिलब्धियाँ</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">14.क. कोई अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं:<br><br>(इसके अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी प्रदान करें<br>i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यताएँ<br>ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और<br>iii) कार्य अनुभव, रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित के अतिरिक्त)<br><br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">14.ख. उपलब्धियाँ:<br><br>अभ्यर्थी निम्नलिखित के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराएं<br>i) शोध प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजनाएँ<br>ii) पुरस्कार/छात्रवृत्ति/आधिकारिक प्रशंसा<br>iii) व्यवसायिक निकाय/संस्था/समाज के साथ संबद्धता<br>iv) अपने नाम पर पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>v) आधिकारिक मान्यता से जुड़े किसी भी शोध/अभिनव उपाय<br>vi) कोई अन्य जानकारी<br><br>(नोट: यदि स्थान अपर्याप्त है तो एक अलग शीट संलग्न करें)</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="2">15. क्या अ.जा/अ.ज.जा से संबंधित हैं</td><td></td></tr>
</table>

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ लिया है और मुझे अच्छी तरह पता है कि चयन समिति द्वारा पद के लिए चयन के समय मेरे द्वारा प्रस्तुत आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव के संबंध में दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित जीवनवृत्त आवश्यक योग्यता/कार्य अनुभव, का भी मूल्यांकन किया जाएगा। मेरे द्वारा दी गई जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य है और मेरे चयन पर असर डालने वाले किसी भी भौतिक तथ्य को दबाया/रोका नहीं गया है।

**(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)**

तारीख: ______________

पता: ________________________

________________________

फोन नं. :-

[नियोक्ता द्वारा मुहर और टेलीफोन नंबर सहित प्रतिहस्ताक्षरित]

# नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र

उपर्युक्त आवेदन में आवेदक द्वारा दी गई सूचना/विवरण रिकॉर्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है। इनके पास रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव हैं। चयनित होने पर इन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि;

i) श्री/श्रीमती/सुश्री ______________ के खिलाफ कोई सतर्कता या अनुशासनात्मक मामला लंबित/विचाराधीन नहीं है।

ii) उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित है।

iii) उनका मूल सी.आर. डॉसियर संलग्न है/पिछले 5 वर्षों के ए.सी.आर. की फोटोकॉपी, जो भारत सरकार के अवर सचिव या उससे ऊपर के रैंक के अधिकारी द्वारा विधिवत सत्यापित है, संलग्न है।

iv) पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति नहीं लगायी गयी है या पिछले 10 वर्षों के दौरान उन पर लगाए गए छोटी/बड़ी शास्ति की सूची संलग्न है, (जैसा भी मामला हो)।

प्रतिहस्ताक्षरित

______________________________

**(नियोक्ता/संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी मुहर सहित)**